दिनांक 18 सितंबर 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सीएसईबी के द्वारा 33kv विद्युत लाइन के मेंटेनेंस के कारण, आज शाम को निगम के कुछ क्षेत्रों में जल प्रदाय होगा प्रभावित

भिलाई नगर/ सीएसएबी विभाग के द्वारा 33kv विद्युत लाइन का मेंटेनेंस वर्क किया जा रहा है , जिसके कारण पावर सप्लाई जल शोधन संयंत्र में नहीं मिल पाएगा , जिससे आज शाम को निगम के कुछ क्षेत्रों में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा ! जल विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेहरू नगर से जाने वाली विद्युत लाइन जो जल शोधन संयंत्र को विद्युत आपूर्ति करती है , इसका मेंटेनेंस कार्य सीएसईबी द्वारा किया जा रहा है जिसके लिए 33kv मेन लाइन को आज प्रातः 11:00 बजे से 3:00 बजे तक के लिए शटडाउन किया जाएगा! इस दौरान निगम के 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के ट्रांसफार्मर में विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाएगी! विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण जल शोधन संयंत्र के पावर पंप से जल प्रदाय नहीं हो सकेगा इसके चलते आज सायं कालीन चंद्रा मौर्या, मदर टैरेसा नगर, फरीदनगर एवं खुर्सीपार के उच्च स्तरीय जलागार में जल प्रदाय नहीं हो पाएगी ! विद्युत सप्लाई मिलते ही जल शोधन संयंत्र से टंकियों को भरने का कार्य किया जाएगा! संपवेल को भरने के लिए कम से कम आधा घंटा का वक्त चाहिए होता है , और ओवरहेड टंकियों को भरने के लिए कुछ घंटे का समय चाहिए जिससे टंकियों में जलभराव हो सके! नई 12 टंकियों में से 3 टंकियों से किया जा रहा है जल प्रदाय महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जल प्रदाय व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं! निगम क्षेत्र में नए 12 उच्चस्तरीय जलागार खमरिया, कोहका, छावनी, टंकी मरोदा, गौतम नगर, नेवई, डूंडेरा, हाउसिंग बोर्ड, पुरैना, रूआबांधा, कुरूद एवं स्लॉटर हाउस में बनकर तैयार है! प्रत्येक ओवरहेड टैंक में जल ग्रहण करने की क्षमता 32 लाख लीटर की है! इनमें से अधिकतर जलागार की टेस्टिंग की जा चुकी है तथा छावनी , गौतम नगर एवं हाउसिंग बोर्ड कि नई पानी टंकियों से सुबह एवं सायं काल इनके समीपस्थ क्षेत्रों में जल प्रदाय किया जा रहा है! प्रभारी उप अभियंता बसंत साहू ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में नई टंकियों से सप्लाई की जाने वाली पाइप लाइन की सफाई की जा रही है , जिससे कचरा को बाहर निकाला जाए और जल प्रदाय घरों तक किया जा सके! पुरानी ओवरहेड टैंक की बात करें तो निगम क्षेत्र अंतर्गत पहले से 8 टंकियों, नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीदनगर, वैशाली नगर, मदर टैरेसा नगर , चंद्रा मौर्या, खुर्सीपार एवं रिसाली के क्षेत्रों में जल प्रदाय निरंतर किया जा रहा है! अब तीन नई टंकियों से पानी देने के कारण निगम क्षेत्र की कुल 11 टंकियों से जल प्रदाय किया जा रहा है!